Bareilly, Saturday,
16 October 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 05 TOP

रावण दहन के साथ हुई सत्य की जीत

श्री राममूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज के ग्राउंड में विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया. इस मौके पर दशहरा मेले का आयोजन किया गया. मेले का इनॉग्रेशन एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज स्टूडेंट्स ने गणपति वंदना पर नृत्य प्रस्तुति से हुई. इसके बाद स्टूडेंट्स ने एक से बढ़कर एक परफॉरमेंस दी. मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स के 'इंफरक्शन' बैंड ने लोगों का खूब मनोरंजन किया. मेले में बच्चों के लिए खेल और खाने के स्टॉल भी लगाए गए थे. रात 9 बजे देवमूर्ति और आदित्य मूर्ति ने रावण, कुम्भकरण और मेघनाथ के पुतले का दहन के साथ ही आतिशबाजी से पूरा एसआरएमएस जगमगा उठा. कार्यक्रम में एसआरएमएस ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, एसआरएमएस आईएमएस प्रिंसिपल डॉ. एसबी गुप्ता, प्रिंसिपल एसआरएमएस पैरामेडिकल डॉ. कृष्ण गोपाल, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डॉ. पीएल प्रसाद, डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा, डॉ. ललित सिंह, मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स, स्टाफ और उनके परिजन शामिल हुए.